वर्ष 28 अंक 288
पृष्ठ 20
नोएडा, गुरुवार
29 जून 2017
नगर संस्करण
मूल्य ₹ 4.00

विश्व का सर्वाधिक पढ़ा जाने वाला अखबार

दैनिक जागरण

PAGE NO. 2 : LEFT MIDDLE

यूपीएसईई : पहले चरण का सीट आवंटन परिणाम आज

जागरण संवाददाता, नोएडा : प्रदेश के इंजीनियरिंग-मैनेजमेंट कॉलेजों में दाखिले के लिए आयोजित राज्य प्रवेश परीक्षा (यूपीएसईई) के पहले चरण की काउंसिलिंग का सीट आवंटन परिणाम (सीट एलोकेशन रिजल्ट) बृहस्पतिवार को जारी होगा। अभ्यर्थी शाम पांच बजे से यूपीएसईई की आधिकारिक वेबसाइट पर परिणाम देख सकते हैं।

परिणाम देखने के लिए सबसे पहले यूपीएसईई की वेबसाइट upsee.nic.in खोलनी होगी। मुख्य पेज पर ही सीट एलोकेशन रिजल्ट का लिंक दिखेगा। जिसमें अभ्यर्थी को अपना रोल नंबर और पासवर्ड डालना होगा। उसके बाद परिणाम देखा जा सकता है। अभ्यर्थी को आवंटित कॉलेज पसंद है और दाखिला लेना चाहता है तो फ्रीज के विकल्प को चुनना होगा। इसके लिए चार दिन का समय मिलेगा। यदि अभ्यर्थी को पसंदीदा कॉलेज आवंटित नहीं हुआ है और वह अगले चरण की काउंसिलिंग में शामिल होना चाहता है तो उसे फ्लोट के विकल्प को चुनना होगा।

ये दस्तावेज रखें तैयार

- आधार कार्ड की मूल व फोटोकॉपी
- जाति प्रमाणपत्र
- आय प्रमाणपत्र
- दसवीं और बारहवीं की मार्कशीट व प्रमाणपत्र
- कैरेक्टर सर्टिफिकेट
- मेडिकल सर्टिफिकेट
- रूरल वेटेज सर्टिफिकेट
- टीसी
- माइग्रेशन
- पासपोर्ट साइज की फोटो